The information asked for is not readily available. Available information is, however, given in the statement laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—6947/74].

फ्रांस में भारतीय इंजीनियर

9438. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से सूचना एकत्र करेगी कि इस समय फ्रांस में कितने भारतीय इंजीनियर रह रहे हैं ?

औद्योगिक विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मन्त्री (श्री सी० सुब्रह्मण्यम) : भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकीविदों और चिकित्सा कार्मिकों आदि का फ्रांस सहित विदेशों में पंजीकरण करने के लिये वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् नेशनल रजिस्टर का एक "प्रवासी भारतीय" अनुभाग चलाती है। विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में पंजीकरण के प्रपत्र उपलब्ध हैं। पंजीकरण स्वैच्छिक है।

फ्रांस में पंजीकृतों की संख्या का कोई अलग अभिलेख नहीं रखा गया। फिर भी, दिनांक 1.1.1974 को जर्मनी (पूर्वी और पश्चिमी) और यूनाइटेड किंगडम को छोड़कर समस्त यूरोपियन देशों में 165 भारतीय इंजीनियर रजिस्टर में दर्ज थे।

खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली में ठेकेदारों को अधिक भुगतान

9439. श्री हीरालाल डोडा : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के वाउचर संख्या 2471 दिनांक 24-10-69 की जांच पड़ताल करायेगी जिससे कि जान बूझकर कुछ अधिकारियों ने संस्था से लगभग 1500 रुपये का अधिक भुगतान करा के ठेकेदार को नाजायज लाभ पहुंचाया जिसमें संस्था को हानि हुई ; और

(ख) यदि हां, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ क्या किसी तरह की कार्यवाही की जायेगी ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) आयोग ने बताया है कि वाउचर संख्या 2471 दिनांक 23-7-69 (न कि 24.10.69) पर 60 पैसे की राशि की अदायगी स्टाफ के एक कर्मचारी को सवारी भत्ता (कन्वेयेन्ज चार्ज) के रूप में की गई थी।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

अमरीका में भारतीय इंजीनियर

9440. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार अमरीका स्थित भारतीय दूतावास से इस बात का पता लगायेगी कि इस समय वहां कितने भारतीय इंजीनियर हैं ?

औद्योगिक विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मन्त्री (श्री सी० सुब्रह्मण्यम) : भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकीविदों और चिकित्सा कार्मिकों आदि का अमरीका (यू एस ए) सहित विदेशों में पंजीकरण करने के लिये वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नेशनल रजिस्टर का एक "प्रवासी भारतीय" अनुभाग चलाता है। विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में पंजीकरण के प्रपत्र उपलब्ध हैं। पंजीकरण स्वैच्छिक है।

1.1.1974 को यू० एस० ए० के रजिस्टर में 1433 भारतीय इंजीनियर दर्ज थे